SBEC BRAMPTON
SMALL BUSINESS
ENTERPRISE CENTRE
www.brampton-business.com
33 Queen St. West, पहली मंज़िल, Brampton, ON L6Y 1L9
फ़ोन: 905-874-2650 फ़ैक्स: 905-874-2670

गृह व्यवसाय यथार्थ पत्र

सिटी ओफ़ ब्रेम्पटन प्रायः, गृह व्यवसाय की निम्न परिभाषाएँ स्वीकारती है।

1. निम्न आवश्यकताओं एवं नियमों के अनुसार, कोई भी गृह व्यवसाय, एक-परिवार के पृथक आवास गृह (single-family detached dwelling) से किया जा सकता है :

(a) केवल आवास गृह के मालिक या वहाँ पर रहने वाले उसके पारिवारिक सदस्यों द्वारा किया जाए;

(b) आवास गृह निजि निवास के मुकाबले, गृह व्यवसाय द्वितीयक है। बेसमैन्ट और तेहखाने को छोड़, घर के रहने वाले हिस्से में से 15 प्रतिशत से अधिक जगह नहीं लेनी चाहिए;

(c) गृह व्यवसाय उप-भवन या निजि गैराज में से किया जा सकता है;

(d) निजि निवास के बाहर से दिखने में कोई बदलाव नहीं हो;

(e) इसी स्थान पर बनने वाले सामान के अलावा अन्य कोई व्यापारिक माल अथवा वस्तुएँ यहाँ पर दिखाई या बेची नहीं जाएँगी;

(f) गृह व्यवसाय से सम्बन्धित वस्तुएँ, सामान या गाड़ियाँ बाहर नहीं रखी जाएँगी;

(g) यहाँ पर रहने वाले पारिवारिक सदस्यों के अलावा, इस जगह पर गृह व्यवसाय में एक से अधिक व्यक्ति काम पर नहीं रखा जाएगा;

आगे

(h) भवन से लगे एक साइन की अनुमति है जो कि 0.15 स्क्वेअर मीटर क्षेत्र से बड़ा न हो;

(i) एक निवास स्थान पर एक से अधिक गृह व्यवसाय की अनुमति नहीं है; एवं,

(j) निम्न गृह व्यवसायों की अनुमति नहीं है :

(i) गाड़ियों तथा आन्तरिक दहन वाले इन्जनों की मरम्मत और सर्विस; एवं
(ii) कोई ऐसा उपयोग जिससे या जिसके परिचालन से बाधा खड़ी हो या होने की सम्भावना हो, जो आवाज़ करने या ज़ोर से हिलने की वजह से बाधा उत्पन्न करे, दमके, गैस, धूँआ, मिट्टी, या बदबू छोड़े, या फिर कोई अन्य उपयोग जो कि निन्दा योग्य हो अथवा अप्रिय व्यवसाय, धन्धा या उत्पादन हो;
(iii) मालिश या बोडी रब पारलर

2. निम्न आवश्यकताओं एवं नियमों के अनुसार, कोई भी गृह व्यवसाय, एक-परिवार के पृथक आवास गृह (single-family detached dwelling) से किया जा सकता है :

(a) एक आवास गृह में एक ही कार्यालय की अनुमति होगी;

(b) इस कार्यालय में किसी स्वास्थ्य सेवा के अधिकारी जैसे डाक्टर, डैन्टिस्ट, फ़िज़ियोथेरापिस्ट, कायरोप्रेक्टर, साइकाट्रिस्ट, मालिश वाले, एक्स-रे या अल्ट्रासाउन्ड ओपरेटर आदि जैसे व्यवसायों की अनुमति नहीं है;

(c) कार्यालय की प्रकृति इस प्रकार की होगी कि एक समय में एक से अधिक अतिथि नहीं होगा;

(d) कार्यालय के लिए जगह 15 स्क्वेअर मीटर क्षेत्र से अधिक नहीं होगी;

(e) यह कार्यालय, यहाँ के मालिक और यहीं पर रहने वाले उसके पारिवारिक सदस्यों द्वारा ही चलाया जाएगा तथा इस जगह पर कार्यालय से सम्बन्धित अन्य कोई व्यक्ति नहीं होगा;

(f) निजि निवास के बाहर कोई साइन लगाने की आज्ञा नहीं होगी;

(g) कोई व्यापारिक माल अथवा वस्तुएँ यहाँ पर दिखाई या बेची नहीं जाएँगी; एवं

आगे

(h) कोई ऐसा कार्यालय जिससे या जिसके परिचालन से बाधा खड़ी हो या होने की सम्भावना हो, जो आवाज़ करे या ज़ोर से हिलने की वजह से बाधा उत्पन्न करे, बदबू छोड़े, या फिर कोई अन्य उपयोग जो कि निन्दा योग्य हो अथवा अप्रिय व्यवसाय या धन्धे की आज्ञा नहीं होगी;

गृह व्यवसाय (Home Occupations)की ज़ोनिंग की आवश्यकताओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए City of Brampton के Zoning Department से 905-874-2090 पर सम्पर्क करें।